**4 जुलाई, 2016**

# संस्कृति मंत्रालय

## भारत महोत्सव सेल (आईसीआर प्रभाग)

## भारत महोत्सव के लिए मंत्रालय के साथ कलाकारों/समारोहों को पैनल में शामिल करने के लिए प्रस्ताव/आवेदन

अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध को सुदृढ़ करने और भारत की सॉफ्ट पावर को बढ़ाने की केन्द्रित कार्यनीति के हिस्से के रूप में विदेश में भारत महोत्सव आयोजित करना संस्कृति मंत्रालय का उत्तरदायित्व है। मंत्रालय द्वारा वर्ष 2013 में इस स्कीम को पुन: शुरू किया गया था। भारत महोत्सव में आमतौर पर नृत्य, संगीत, थिएटर, फिल्म, व्यंजन, साहित्यिक उत्सव, योग प्रदर्शन, लोक कला, मंच कलाएं, प्रदर्शनियां और कार्यशालाएं आदि कार्यक्रम शामिल हैं। यह उल्लेखनीय है कि स्थानीय लोगों के मन को भारत की संवेदना से जोड़ने और उसे सुदृढ़ करने पर भारत महोत्सव का मुख्य जोर है।

विविध देशों में स्थित भारतीय मिशन के माध्यम से इन देशों में भारत महोत्सव आयोजित किए जाते हैं। इस प्रयास में, स्वायत्त संगठन, निजी संस्थान/एनजीओ/विश्वविद्यालय/व्यक्ति भारत महोत्सव को सफल बनाने के लिए योगदान देते हैं।

भारतीय मिशन के साथ संस्कृति मंत्रालय पत्राचार करता है और विदेश में अवस्थित नोडल कार्यान्वयन एजेंसी यदि भारत महोत्सव को अपने देश में आयोजित करना चाहती हैं, तो वे इस संबंध में अपनी रुचि प्रकट करती हैं। मंत्रालय इनके अवलोकन/चयन के लिए सुझाए गए कार्यक्रमों की एक सूची भेजता है।

आयोजन स्थल से लेकर कार्गो प्रबंधन और बजटीय आवश्यकताओं तक की तैयारी से संबंधित सभी संभावित पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी वाले समेकित प्रस्ताव तैयार करने से जुड़ी सभी भागीदारी करने वाली एजेंसियों के साथ संस्कृति मंत्रालय का भारत महोत्सव प्रकोष्ठ समन्वय का कार्य करेगा।

विदेश में भारत महोत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक सभी एजेंसियों से अनुरोध है कि समारोहों/प्रस्तुतियों के ब्यौरे निम्नलिखित विहित प्रपत्र में **विज्ञापन की तारीख से एक महीने के भीतर** संस्कृति मंत्रालय के भारत महोत्सव सेल को उपलब्ध कराएं ताकि विदेश में भारत महोत्सव के समारोहों में इसे शामिल किया जा सके। लिंक सहित प्रत्येक समारोह हेतु संक्षिप्त अवधारणा नोट भी शामिल किया जाए।

| कलाकार का नाम, संपर्क विवरण | विशेषता | पुरस्कार | प्रस्तुतिकरण विकल्प | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रस्तुति का प्रकार | नर्तकों/तकनीकविदों/नृत्य निर्देशकों के ब्योरे सहित मंडली/प्रदर्शनी के सदस्य | तकनीकी आवश्यकताएं | स्थान की आवश्यकता | लागत | लिंक/सीडी/डीवीडी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

सी.डी. और डीवीडी सहित प्रस्ताव की एक मुद्रित प्रति (हॉर्ड कॉपी) निम्नांकित पते पर भेजें :

संस्कृति मंत्रालय
भारतीय महोत्सव प्रकोष्ठ- आई सी आर प्रभाग
केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय, प्रथम तल
शास्त्री भवन, नई दिल्ली

और एमएस वर्ड डाक्यूमेंट में एक सॉफ्ट कॉपी भी foicell-culture@gov.in पर भी भेजी जानी चाहिए।

जिन कलाकारों ने पहले ही आवेदन किया है और मंत्रालय द्वारा जिन्हें श्रेणीबद्ध किया गया है उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।